# ब्रज चौरासी कोस, मथुरा, वृन्दावन, नन्दगाँव, बरसाना, गोवर्धन यात्रा



**यात्रा समयः 10 दिन** (छोटी गाड़ी, सूमो व इको द्वारा)

## यात्रा प्रारम्भः 14 नवंबर 2026

॥ श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा ॥ ऋषिकेश
1967 से आपकी सेवा मे तत्पर

| दिन | दर्शनीय स्थल |
|---|---|
| पहला दिन | श्री धाम वृन्दावन में आपका आगमन एवं रात्रि विश्राम वृन्दावन में। |
| दूसरा दिन | यमुना स्नान, यमुना पूजन, सात धारा गोपेश्वर, निधि वन, रंगनाथ मंदिर, प्रातः से दोपहर तक (दोपहर का भोजन धर्मशाला में), सायंकाल के समय मानसरोवर, भांडेर वन राधा रानी की विवाह स्थली, बेल वन, माटवन। |
| तीसरा दिन | प्रातः जमुना स्नान विश्राम घाट (मथुरा) द्वारकाधीश मंदिर, कृष्ण जन्म स्थली, जेल कारावास, बिडला मंदिर, ध्रुव टीला महोली, तपोवन गायत्री मंदिर (दोपहर का भोजन आश्रम में) सायंकाल जयपुर मंदिर, कांच मंदिर, जमाई ठाकुर, सीताराम मंदिर। |
| चौथा दिन | प्रातः लोहवन, रावल दाऊजी, राधा रानी का जन्म स्थान, चिन्ताहरण महादेव, ब्रह्माण घाट, रमनरेती, गोकुल चौरासी खम्बा, पूतना वध, चन्द्रावली, पागल बाबा मंदिर, अक्रूर घाट, वात्सल्य ग्राम (दोपहर का भोजन लन्च पैक)। |
| पांचवा दिन | गोर्वधन परिक्रमा यात्रा (ई-रिक्शा द्वारा) (दोपहर का भोजन सुविधानुसार)। सायंकाल, इस्कॉन टैम्पल, वैष्णो देवी, अक्षय पात्र । |
| छठा दिन | चार धाम मंदिर, डीग जल महल, लक्ष्मण मंदिर, आदि बद्रीनाथ, चरण पहाड़ी, विमल कुण्ड, कामेश्वर महादेव (दोपहर भोजन लन्च पैक) सायंकाल प्रेम मंदिर। |
| सातवां दिन | प्रातः बरसाना, घेवरवन, दानगढ़, मानगढ़, राधारानी मंदिर, ललिता सखी मंदिर, मोरकुटी (दोपहर का भोजन आश्रम में)। सायंकाल (स्वंय की सुविधानुसार बांके बिहारी मंदिर, मदनमोहन मंदिर।) |
| आठवां दिन | नन्दगाँव, नन्द महल, चरण पहाडी, आशेश्वर महादेव, टेर कदम, संकेत वन, कोकिला वन, गौ चरण लीला, चरण चिन्ह, पावन सरोवर, जाववट, किशोरी कुंड, जय कुंड, ब्रह्मकुंड (दोपहर में लन्च पैक) टेर कुण्ड, चरण गंगा, शेख शैय्या विष्णु भगवान दर्शन। |
| नवां दिन | खेलनवन, विहारवन, एचादाऊजी, अक्षय वट, असली चीर घाट, कात्यायिनी देवी, कच्छ वन बिहारी दर्शन, कालिया नाग दमन (दोपहर का भोजन आश्रम में) । |
| दसवां दिन | यमुना पूजन (वृन्दावन) एवं वृन्दावन धाम की सामुहिक परिक्रमा यात्रापूर्ण संकल्प (यात्रा सम्पन्न) एवं दोपहर भोजन के बाद स्वधाम प्रस्थान। |

**यात्रा किरायाः-** रात्रि विश्राम आश्रम / गेस्ट हाउस वृन्दावन में (तीन / चार बैड के अटैच लैट - बाथरूम कमरों में), चाय, नाश्ता, भोजन, पीने के लिए RO पानी / बोतल, घुमाने के लिए छोटी गाड़ी सहित किराया **₹15,001/-** प्रति यात्री होगा। अग्रिम बुकिंग हेतु **₹1,001/-** प्रति यात्री 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I. बैंक खाते में या हमारी किसी भी अधिकृत बुकिंग एजेन्सी पर जमा करवा दें। बकाया किराया वृन्दावन पहुँचने पर संस्था द्वारा लिया जायेगा। हमारी यात्रा वृन्दावन से शुरू होकर वृन्दावन पर सम्पन्न होगी। यात्री अपनी सुविधानुसार वृन्दावन/मथुरा स्टेशन पहुंचेगे। (यात्री श्यामाश्याम आश्रम, टेम्पो स्टैंड, पानी की टंकी के सामने, निकट रोडवेज बस स्टैंड, वृन्दावन में पहुंचेगे।)

## बस व रेल रिजर्वेशन द्वारा यात्रा की नियम व सुविधाऐं।

1. यात्रियों के लिए यात्रा में सुबह चाय, नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन में दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी रहेगी। शाम को चाय होगी। दाल-चावल व रोटी में देशी घी का प्रयोग होगा। सब्जी व नाश्ते में रिफाइंड का प्रयोग होगा। चावल बासमती बनेगा। समयानुसार यात्रियों को पापड़ व अचार भी भोजन के साथ दिया जायेगा। प्याज-लहसुन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा। भोजन शुद्ध शाकाहारी सात्विक बनाया जायेगा। यात्रा के दौरान तवा चपाती बनायी जायेगी व समय की उपलब्धता के अनुसार पूड़ी, पराठें व खिचड़ी भी बनायी जायेगी तथा यात्रा में समय अनुसार लंच पैकेट भी दिया जाएगा। रेल द्वारा लम्बी दूरी की यात्रा के दौरान भोजन की व्यवस्था I.R.C.T.C के अधिकृत भोजनालय से की जायेगी। दोपहर एवं रात्रि भोजन के साथ एक-एक पानी की बोतल दी जायेगी।
2. हमारी यात्रा में केवल सामान्य दवाई की ही व्यवस्था होगी। जो यात्री नियमित रूप से दवाई लेते हैं वे यात्री यात्रा प्रोग्राम के दिनो के अनुसार कृपया अपनी दवाईयां साथ में लावे। जरुरत पड़ने पर यात्री अपने खर्चे पर अस्पताल/डाक्टर की व्यवस्था अपनी सुविधानुसार कर सकते हैं। प्रत्येक यात्री टाईम टेबल के अनुसार चलने को बाध्य होंगे, यदि किसी कारणवश कोई ग्रुप से अलग होता है तो अगले स्टेशन/गन्तव्य पर यात्री अपने खर्चे पर पहुचेगें। सभी बसे दर्शनीय स्थलो की पार्किंग तक जाएगी वहा से मंदिरों की दूरी नगण्य है इसलिए यात्री स्वयं के खर्च से पैदल अथवा रिक्शे से वहाँ जा सकते हैं। इस प्रकार यात्रियों को पैदल कम चलना पड़ेगा। A/C बस यात्रा में A/C सुविधा केवल चलती बस में रहेगी पार्किंग में खड़ी बस में यह सुविधा नहीं होगी। संक्रमक रोगी, मादक पदार्थों का सेवन करने वाले वा झगडालू यात्री को यात्रा से पृथक करने का पूर्ण अधिकार मैनेजर का होगा।
3. रात्रि विश्राम के लिए होटल का प्रबन्ध यात्रियों के लिए डबल बैड रूम में किया जाएगा लेकिन अगर कोई अलग से सिंगल बेड रूम लेने चाहे तो ऐसे में यात्री ₹6000 प्रति रूम अतिरिक्त भुगतान करके ले सकते है।
4. यात्री अपने साथ असली पहचान पत्र (आधारकार्ड और वोटर आई.डी.) और 1 पासपोर्ट साईज फोटो अवश्य साथ लावे। यात्रा बुक होने के बाद यात्री अपनी सीट कैंसिल करवाता है तो अग्रिम धनराशि वापिस नहीं की जायेगी। दर्शनीय स्थलों का प्रवेश शुल्क यात्रियों द्वारा वहन किया जायेगा।

### यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

- यात्रा काल के दौरान आर्थिक, शारीरिक क्षति एवं सामान की जिम्मेदारी यात्री की स्वयं की होगी। व्यवस्थापक यात्रियों के नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा।
- संस्था द्वारा बनाई गई रेल टिकट में सीट रेलवे तय करता है। कृपया आवंटित सीट पर यात्रा का आनंद लें। बस में सीट लॉटरी के माध्यम से आवंटित की जायेगी।
- यदि कोई यात्री किन्हीं कारणवश अथवा अस्वस्थ होने की वजह से अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर घर वापिस आना चाहेगा तो उस अवस्था में यात्री को व्यवस्थापक की तरफ से केवल घर तक पहुंचाने हेतु रेलवे का स्लीपर क्लास का टिकिट ही दिया जायेगा। यह व्यवस्था भी केवल यात्रा समाप्ति के 5 दिन पूर्व तक लागू होगी। किराया वापसी किसी भी अवस्था में देय नहीं होगा।
- यात्रा में रेल लेट होने / बस खराब होने/ मौसम खराब होने/साप्ताहिक अवकाश/ बन्द/ रैली आदि के कारण सें किसी स्थान पर दर्शन ना होने पर व्यवस्थापक द्वारा कार्यक्रम में जो भी बदलाव किया जायेगा, यात्रियों से निवेदन है कि परिस्थितियों को समझते हुए उसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।
- यात्रा काल में मैनेजर यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा देने की कोशिश करेंगे परन्तु फिर भी यात्रा के दौरान थोड़ी असुविधा होना स्वाभाविक है। उस समय 'परदेश नरेश कलेशन' की कहावत के अनुसार तपस्या की भावना से उसे सहन करें व मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।